डीआरआई ने 198 किलोग्राम क्रिस्टल मेथामफेटामाइन (आईसीई) और 9 किग्रा कोकीन जब्त की

देश में ऐम्फिटेमिन और कोकीन की एक बड़ी खेप जब्त की गई, ड्रग्स की कीमत 1,476 करोड़ रुपये आंकी गई

प्रविष्टि तिथि: 01 OCT 2022 11:00PM by PIB Delhi

बेहद योजनाबद्ध तरीके से किए गए ऑपरेशन में राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने 198 किग्रा उच्च शुद्धता वाला क्रिस्टल मेथामफेटामाइन (आईसीई) और 9 किग्रा उच्च शुद्धता वाली कोकीन जब्त की है। नवी मुंबई में 1 अक्टूबर, 2022 को पकड़ी गई इस खेप की कीमत 1,476 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह देश में ऐम्फिटेमिन और कोकीन की सबसे बड़ी बरामदगी में से एक है।

खुफिया सूचनाओं के आधार पर 10-12 दिनों से लगातार निगरानी की जा रही थी। डीआरआई की नजर कोल्ड स्टोरेज से फलों को निकाले जाने वाले खेप पर थी, जिसमें ड्रग्स हो सकता था। 30 सितंबर की शाम को डीआरआई मुंबई के अधिकारियों की टीम ने वाशी में आयातित संतरे को ले जा रहे एक ट्रक को रोका। गहन जांच-पड़ताल के बाद वालेंसिया संतरे वाले कार्टन में छिपाकर रखा गया नशीला पदार्थ पाया गया। यह ट्रक वाशी में प्रभु हीरा आइस एंड कोल्ड स्टोरेज से सामान लादकर निकला था।

नशीली दवाओं का काला कारोबार करने वालों ने नया तरीका निकाला था। दक्षिण अफ्रीका से आयातित 'वालेंतिया संतरे' के बक्से में ड्रग्स छिपाई गई थी। कस्टम क्षेत्र से इन संतरों को क्लियरेंस मिलने के बाद वाशी में इस माल को कोल्ड स्टोरेज में रखा जाता था।

इस संबंध में माल के आयातक को पकड़ लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले इस रैकेट में शामिल लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए आगे सर्च ऑपरेशन जारी है।

****

एसजी/एएम/एएस/डीए

(रिलीज़ आईडी: 1865398) आगंतुक पटल : 214

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu